# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**13 August 2026**



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में 16 साल बाद 42वीं सब जूनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन कहां किया गया?**

(A) जोधपुर

**(B) जयपुर**

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

जयपुर के SMS स्टेडियम स्विमिंग पूल में 6 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित 42वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय एक्वेटिक चैंपियनशिप संपन्न हुई

- जयपुर में 16 साल बाद नेशनल तैराकी चैंपियनशिप हुई।
- इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तमिलनाडु ने कुल 13 स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, कर्नाटक 10 स्वर्ण के साथ दूसरे और बंगाल 6 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- दिल्ली की मायरा सिंह ने 4 स्वर्ण पदक और नए रिकॉर्ड के साथ 'गोल्ड गर्ल' बनने का गौरव हासिल किया, जबकि राजस्थान के देव कुमार फॉल्स स्टार्ट के कारण पदक से चूक गए
- राजस्थान के 8 तैराकों ने 17 इवेंट में हिस्सा लिया, लेकिन एक भी मेडल जीतने में सफल नहीं रहा।

**Yesterday revision**

प्रश्न 1: 'मिटश्योर ओलंपियाड मास्टर्स' में टॉप कर नासा (NASA) जाने के लिए चयनित होने वाली राजस्थान की एकमात्र छात्रा कौन हैं?
उत्तर: गौरांगी शर्मा (सवाई माधोपुर)।
प्रश्न 2: राजस्थान क्रिकेट में अहम योगदान के लिए किसे 'राजीव गांधी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा?
उत्तर: पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सीपी जोशी को।
प्रश्न 3: हाल ही में राष्ट्रीय जादू सम्मेलन में राजस्थान के किस जिले के इंजीनियर जादूगर मनोज कौशिक को 'ताज जादू श्री 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया है?
उत्तर: बीकानेर।
प्रश्न 4: किस राजस्थानी फिल्म ने 24 अवार्ड्स जीतकर ओटीटी प्लेटफॉर्म (Waves OTT) पर नंबर 1 ट्रेंडिंग हासिल की है?
उत्तर: ओमलो।
प्रश्न 5: राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा पॉलिसियों के सत्यापन के लिए नए दिशा-निर्देश किसने जारी किए हैं?
उत्तर: राजस्थान कृषि विभाग ने।
Date 12 August

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान सरकार द्वारा एडवेंचर स्पोर्ट्स, प्रशिक्षण और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए DAW-राजस्थान इंटिग्रेटेड एडवेंचर इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा

(B) परियोजना की प्रारंभिक लागत 218.75 करोड़ रुपए आंकी गई है।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान सरकार ने एडवेंचर स्पोर्ट्स, प्रशिक्षण और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए DAW-राजस्थान इंटिग्रेटेड एडवेंचर इंस्टीट्यूट स्थापित करने की नई पहल की है। प्रस्तावित संस्थान को राष्ट्रीय स्तर के ग्रीनफील्ड केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना की प्रारंभिक लागत 218.75 करोड़ रुपए आंकी गई है।

- संस्थान को हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित करने की योजना है। इसके तहत एक केंद्रीय संस्थान परिसर के साथ तीन विशेष भौगोलिक नोड प्रस्तावित हैं। एयरो नोड जोधपुर-जैसलमेर क्षेत्र, लैंड नोड माउंट आबू-जवाई क्षेत्र और एक्वा नोड उदयपुर क्षेत्र में विकसित किए जाने हैं।
- इन क्षेत्रों की भौगोलिक विशेषताओं के आधार पर अलग-अलग एडवेंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा
- प्रस्तावित संस्थान में एडवेंचर स्पोर्ट्स, प्रतिस्पर्धी खेल और पेशेवर प्रशिक्षण के साथ आउटडोर लीडरशिप, रेस्क्यू ट्रेनिंग, एडवेंचर मेडिसिन और इंस्ट्रक्टर डेवलपमेंट की व्यवस्था होगी।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में कुल 22 अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष पदकों से सम्मानित किया जाएगा।

(2) राजस्थान में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जोधपुर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट सेवा और उल्लेखनीय योगदान के लिए राजस्थान पुलिस एवं कारागार विभाग के कुल 22 अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष पदकों से सम्मानित किया जाएगा।
- इनमें दो अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक, राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों-कर्मचारियों को पुलिस पदक तथा कारागार विभाग के चार अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे।
- राज्य स्तरीय समारोह में 3वीं बटालियन आरएसी, बीकानेर के कंपनी कमांडर एवं अब सेवानिवृत्त भंवर सिंह तथा एजीटीएफ, सीआईडी (सीबी), जयपुर के सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

03. राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में 'नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन' के पांचवें सीजन का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 28 से 30 अगस्त

(B) 21 से 23 अगस्त

(C) 29 से 30 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में 'नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन' के पांचवें सीजन का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक किया जाएगा।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदर्शनी के पोस्टर का विमोचन किया
- विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र में लगेगी।
- आयोजकों के अनुसार इसमें देश-विदेश के साथ राजस्थान के फोटोग्राफर भी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में फोटोग्राफी के साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की जाएंगी।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास पर 206 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

(2) इसमें चावण्ड, हल्दीघाटी, गोगुन्दा, कुम्भलगढ़, दिवेर और उदयपुर को शामिल किया जाएगा।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान में ऐतिहासिक विरासत को एकीकृत करने के लिए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास पर 206 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

- इसमें चावण्ड, हल्दीघाटी, गोगुन्दा, कुम्भलगढ़, दिवेर और उदयपुर को शामिल किया जाएगा।
- इसके अलावा डूंगरपुर में शिल्पग्राम और चित्तौड़गढ़ में हेरिटेज वॉक-वे निर्माण के साथ ही गोगुन्दा में बाईजी की बावड़ी, उदयपुर में करणी माता मंदिर तथा नीमच माता मंदिर जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास कार्य भी प्रगति पर हैं।
- ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष कार्ययोजना के साथ आदिवासी अंचल में काम किया जा रहा है।

05. हाल ही में किस राज्य की पुलिस ने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों के लिए इंटर्नशिप योजना शुरू की है ?

(A) राजस्थान

(B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

'राजस्थान पुलिस ने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों के लिए इंटर्नशिप योजना शुरू की है, जिसके तहत कानून के छात्र पुलिस के साथ इंटर्न के रूप में काम कर व्यावहारिक पुलिसिंग का अनुभव हासिल कर सकेंगे।

- राजस्थान पुलिस इंटर्नशिप योजना' के तहत भारत और विदेश के विश्वविद्यालयों से स्नातक, स्नातकोत्तर या पीएचडी पाठ्यक्रम कर रहे कानून के छात्र पात्र होंगे। वे पुलिस की विभिन्न शाखाओं, इकाइयों, ब्यूरो और मैदानी इकाइयों के साथ इंटर्नशिप कर सकेंगे।
- इंटर्न को पुलिसिंग, आपराधिक न्याय प्रणाली, फॉरेंसिक विज्ञान, साइबर कानून और इससे जुड़े कानूनी विषयों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। वे नीति विश्लेषण, आंकड़े जुटाने और शोध कार्य में भी सहयोग करेंगे।
- पात्रता मानदंड के अनुसार, आवेदक ने 12वीं कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष अंक हासिल किए होने चाहिए।
- बयान के मुताबिक इंटर्नशिप की न्यूनतम अवधि 45 दिन होगी और इसे अधिकतम तीन महीने तक बढ़ाया जा सकता है।

जयपुर, मंगलवार, 11 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-173

1. **राष्ट्रीय** हथकरघा दिवस के अवसर पर 2026 में राजस्थान का 'राज्य स्तरीय समारोह' का आयोजन कहां किया गया?
(A) बीकानेर (B) जयपुर
(C) उदयपुर (D) जोधपुर

2. **राष्ट्रमंडल** खेल 2026 में 'मुक्केबाजी' में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली राजस्थान की खिलाड़ी कौन है?
(A) मोना अग्रवाल
(B) अरुंधति चौधरी
(C) संध्या विश्नोई
(D) अवनी लेखरा

3. **राज्य** सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) भूजल रिचार्ज एवं जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करना
(B) विदेशी निवेश को सीधे शेयर बाजार में लगाना
(C) प्रवासियों को राजस्थान में मुफ्त भूमि आवंटित करना
(D) केवल ग्रामीण क्षेत्रों में नए अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलना

4. **शेखावाटी** क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों एवं उनके भित्ति-चित्रों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन-सी योजना प्रारंभ की गई है?
(A) राजस्थान विरासत जीर्णोद्धार योजना
(B) शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना
(C) मुख्यमंत्री पर्यटन धरोहर योजना
(D) शेखावाटी सांस्कृतिक विकास योजना

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक वनस्पति प्रजाति' के तहत टोंक जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) अमलतास (B) करंज
(C) अर्जुन (D) नीम

**Today, Quiz:**

**Q. दो दिवसीय राष्ट्रीय जादू सम्मेलन में किस जिले के इंजीनियर जादूगर मनोज कौशिक को जादू के क्षेत्र में 'ताज जादू श्री 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM — GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK — GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM — GK Search Engine